काम की खबर कार्यक्रम सॉफ्टप्रो कम्पनी के विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन मोड में आयोजित किया जाएगा

यूटीयू में होगी अध्ययनरत इंजीनियरिंग के छात्रों को निशुल्क ऑनलाइन कोर्स शुरू

इंजीनियरिंग के छात्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने और उन्हें अपने डोमेन में नवीनतम ट्रेनिंग टैक्नोलॉजी के द्वारा सीखने के लिए 8 ऑनलाईन पाठ्यक्रम प्रदान किये जा रहे है

अमर हिन्दुस्तान

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यूटीयू और सॉफ्टवेयर विनिर्माण क्षेत्र की अग्रणी कम्पनी सॉफ्टप्रो इण्डिया कम्प्यूटर टैक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुएविगत माह हुए एमओयू के अन्तर्गत इंजीनियरिंग के छात्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने और उन्हें अपने डोमेन में नवीनतम ट्रेनिंग टैक्नोलॉजी के द्वारा सीखने के लिए 08 ऑनलाईन पाठ्यक्रम प्रदान किये जा रहे हैं। कार्यक्रम जो कि सभी ब्रांचों के लिए 30 घंटे की अवधि का होगा।

आज को विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में बीटेक.के छात्रों के लिए फ्री निशुल्क ऑनलाइन कोर्स पोर्टल लॉच किया गया। इस पोर्टल के माध्यम से छात्र 08 कोर्सेज यथा वेब टैक्नोलॉजी, कोर जावा, पाइथन एप्लीकेशन, मशीन लर्निंग, इण्टरनेट ऑफ थिंग्स, कैड टूल्स इन मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कैड टूल्स इन सिविल इंजीनियरिंग और प्रोफेशनल कम्यूनिकेशन में

अपना पंजीकरण कर इसका लाभ उठा सकते हैं। यह कार्यक्रम सॉफ्टप्रो कम्पनी के विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन मोड में आयोजित किया जाएगा। कम्पनी के द्वारा सीधे छात्रों और उद्योगों के बीच संवाद की सुविधा प्रदान करते हुए इंडियन एसोसिएशन ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोफेशनल्स का लक्ष्य है छात्रों के रोजगार कौशल को बढ़ावा देकर उन्हें कार्यक्षमता की मांगों के लिए तैयार करना तथा शिक्षा और उद्योग के बीच नवाचार और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। कोर्स मॉड्यूल के अन्तर्गत डोमेन विशेषज्ञों, सलाहकारों द्वारा कोर्स वेयर व्याख्यान/सत्र, जिसमें एचसीएल, आईबीएम, टीसीएस और इन्फोसिस जैसी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के विशेषज्ञों द्वारा बोनस व्याख्यान और व्यक्तिगत प्रगति रिपोर्ट, स्व-मूल्यांकन उपकरण और दैनिक मूल्यांकन के साथ औद्योगिक विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन किए ई-बुक, प्रजेंटेशन, वीडियो के रूप में ई-नोटस और प्रत्येक लाइव क्लास की क्लास रिकार्डि सुविधा उपलब्ध होगी।

कुलपति प्रो ओंकार सिंह ने कहा कि उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और सॉफ्टप्रो ग्रुप ऑफ कम्पनीज के बीच आहूत इंडस्ट्री एकेडिमया इंटरेक्शन प्रोग्राम एक सकारात्मक और सहयोगात्मक पहल है। उन्होंने कहा कि आयोजित कार्यक्रम एकेडमिक शिक्षा और व्यावहारिक औद्योगिक समझ के बीच की खाई को भरने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण क्षण का प्रतिनिधित्व करता है। कुलपति ने कहा कि कम्पनी के साथ हुई इस साझेदारी के माध्यम से उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के छात्रों को सॉफ्टप्रो इण्डिया के उद्योग विशेषज्ञों के साथ जुड़ने का अनूठा अवसर मिलेगा जिसमें आपसी विचार-विमर्श से वर्तमान वैश्विक औद्योगिक प्रथाओं, उभरती प्रौद्योगिकियों और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के बारे में मूल्यवान जानकारियां प्रदान करेगी।

प्रो ओंकार सिंह ने कहा कि हमार दृढ़विश्वास है कि इस तरह की सहभागिता आपके शैक्षणिक अनुभव को बढ़ाने के साथ ही आपको वर्तमान कार्यक्षमता की मांगों के लिए बेहतर ढ़ग से तैयार करेगी। कुलपति ने आह्वान का करते हुए कहा कि कार्यक्रम में सभी को सक्रिय रूप से भाग लेने और सीखने व आगे बढ़ने के इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में के दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सत्येन्द्र सिंह, वित्त नियंत्रक बिक्रम सिंह जंतवाल, डॉ मनोज कुमार पाण्डा निदेशक परिसर महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, डॉ एसके प्रधान निदेशक परिसर टीएचडीसीआईएचईटी टिहरी, डॉ अमित अग्रवाल निदेशक परिसर इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी गोपेश्वर, डॉ एचएल मन्दोरिया निदेशक परिसर अब्दुल कलाम इंस्टीट्यूट ऑ टैक्नोलॉजी टनकपुर, कार्यक्रम संयोजक डॉ विशाल रमोला कोर्डिनेटर फैकल्टी ऑफ टैक्नोलॉजी यूटीयू तथा सॉफ्टप्रो इण्डिया कम्प्यूटर टैक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड की प्रवन्ध निदेशक/चेयरमैन ई अजय चौधरी, सीईओ यशी अस्थाना, डीजीएम जितेन्द्र शर्मा सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।